**बिहार सरकार**
**श्रम संसाधन विभाग**
**बिहार कौशल विकास मिशन**

## आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन BSDC, प्राणपुर(कटिहार) KYP code 07020026 में कुशल युवा कार्यक्रम का संचालन स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा0लि0 साल्टलेक, कोलकता के द्वारा किया जा रहा है । दिनांक-28.3.2019 को District Skills Manager कटिहार के द्वारा BSDC प्राणपुर(कटिहार) KYP code 07020026 का औचक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि इस केन्द्र की एक Learner सुश्री फिरोजा खातुन के स्थान पर उनके छोटे भाई मो0 फकीर के द्वारा Biometric device में अपने Finger impression को Configure कर अपनी बहन के स्थान पर प्रशिक्षण लिया जा रहा है, जो उस केन्द्र पर उपस्थित सभी कर्मियों एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में किया जा रहा है । जिला कौशल प्रबंधक, कटिहार के द्वारा निरीक्षण के पश्चात अपना निरीक्षण प्रतिवेदन बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया ।

जिला कौशल प्रबंधक, कटिहार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में BSDC प्राणपुर कटिहार KYP code 07020026 के संचालक एजेंसी स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा0लि0 साल्टलेक, कोलकता से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या-424 दिनांक-5.4.2019 के द्वारा स्पष्टीकरण की माँग की गयी । पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में BSDC प्राणपुर(कटिहार)KYP code 07020026 की संस्थापक एजेंसी की MD श्रीमती सम्पा दत्ता के द्वारा अपने ईमेल दिनांक 15.4.2019 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में श्रीमती सम्पा दत्ता के द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि उनकी संस्था के साथ संबद्ध केन्द्र BSDC प्राणपुर(कटिहार)KYP code 07020026 पर जो घटना घटित हुई है, उसकी जानकारी उन्हें नहीं है । घटना की जानकारी होने के पश्चात वे इसपर कार्य कर रहीं हैं तथा इस केन्द्र के Learning facilitator श्री प्रवीण कुमार को कार्य मुक्त कर देने का उल्लेख किया गया है । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि राज्य में वे 9 BSDC का संचालन कर रहीं हैं तथा सभी केन्द्र ठीक ढंग से चल रहे हैं । यह पहली घटना है जिसमें उनके किसी Learning facilitator के द्वारा इस तरह का अनैतिक कार्य किया गया है । स्पष्टीकरण में उनके द्वारा इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं होने का आश्वासन देते हुए एक मौका दिये जाने का अनुरोध किया गया है ।

एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण किसी भी दृष्टिकोण से संतोषप्रद नहीं है । अगर किसी एजेंसी के साथ कोई केन्द्र संबद्ध है तथा उस केन्द्र पर Impersonation की घटना घटित हो रही हो और संचालक एजेंसी यह कहे कि वे इस प्रकार की घटना से अनभिज्ञ हैं, तो इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है । एजेंसी के द्वारा इस कृत के लिए अपने एक Learning facilitator श्री प्रवीण कुमार को दोषी मानते हुए उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई की गयी है, लेकिन एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण से ऐसा प्रतीत होता है कि वे बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा निर्धारित मानकों से भी अनभिज्ञ हैं । मार्च, 2018 में बिहार कौशल विकास मिशन के स्तर से निर्गत अनुदेश के अनुसार किसी भी केन्द्र के संचालन के लिए उस केन्द्र पर हर समय कम से कम दो Learning facilitator का होना आवश्यक है तथा यदि BSDC प्राणपुर(कटिहार) पर दो Learning facilitator कार्यरत हैं, तो इस कृत के लिए एक Learning facilitator को ही कैसे दोषी माना जा सकता है ।

अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह कहना कि वे 9 BSDC का संचालन कर रहीं हैं तथा सभी केन्द्र ठीक ढंग से चल रहे हैं, भी स्वीकार करने योग्य नहीं है । यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि एजेंसी मेसर्स स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा0लि0 साल्टलेक, कोलकता के साथ संबद्ध BSDC सिंघेश्वर स्थान, मधेपुरा में भी आये दिन समस्या होती रहती है, जिससे संबंधित लगातार परिवाद बिहार कौशल विकास मिशन को प्राप्त होते रहे हैं तथा बिना बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के इस केन्द्र पर चल रही समस्याओं का निदान एजेंसी के

द्वारा नहीं किया जा सका है । एजेंसी के द्वारा यह कहना कि वे BSDC प्राणपुर(कटिहार) पर घटित इस प्रकार की घटना से अनभिज्ञ हैं भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि जिला कौशल प्रबंधक कटिहार के द्वारा अपने प्रतिवेदन में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है कि केन्द्र पर उपस्थित Learning facilitator श्री प्रवीण कुमार के द्वारा उन्हें बताया गया कि उन्होंने हीं छद्म व्यक्ति का Finger impression Biometric device में पंजीकृत किया है तथा ऐसा उन्होंने इस केन्द्र के Owner के कहने पर किया है । यदि Learning facilitator के इस कथन को गलत मान भी लिया जाये तो किसी केन्द्र के संचालक एजेंसी से यह अपेक्षा आवश्य की जाती है कि संचालक एजेंसी के द्वारा उनके साथ संबद्ध कुशल युवा कार्यक्रम के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुकूल प्रशिक्षण का संचालन किया जायेगा तथा किया जा रहा है ।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में तथा सभी तथ्यों के समीक्षोपरान्त एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा मेसर्स स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा०लि० साल्टलेक, कोलकता के साथ संबद्ध BSDC प्राणपुर(कटिहार) KYP code 07020026 के पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से रदद करते हुए एजेंसी के द्वारा इस केन्द्र के लिए जमा की गयी सुरक्षित जमा की राशि को जब्त किया जाता है । एजेंसी मेसर्स स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा०लि० को यह भी आगाह किया जाता है कि भविष्य में उनके साथ संबद्ध किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर उनके साथ हस्ताक्षरित एकरारनामा को रदद कर दिया जायेगा तथा उनके द्वारा जमा की गयी सुरक्षित जमा की राशि को जब्त करते हुए एजेंसी को काली सूची में दर्ज किया जायेगा । Team Leader, MKCL श्री अनुपम नारखेड़े को आदेश दिया जाता है कि BSDC प्राणपुर(कटिहार) KYP code 07020026 पर नामांकित वैसे सभी छात्रों को, जिनकी परीक्षा अभी आयोजित नहीं हुई है, उन्हें विमुक्त कर दें ताकि वे नये सिरे से किसी अन्य कुशल युवा के प्रशिक्षण केन्द्र पर अपना नामांकन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें । उन्हें यह भी आदेश दिया जाता है कि वे इस केन्द्र की मार्च बैच की Learner सुश्री फिरोजा खातुन के प्रमाण पत्र को, यदि वे परीक्षा उत्तीर्ण हो गयी हैं, तो उसे भी रदद कर दें । प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को यह आदेश दिया जाता है कि वे मेसर्स स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा०लि० कोलकता के द्वारा BSDC प्राणपुर कटिहार, KYP code 07020026 के लिए जमा किये सुरक्षित जमा की राशि को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लें तथा MKCL के द्वारा विमुक्त किये गये नामांकित छात्रों से प्राप्त सुरक्षित जमा की राशि को अविलंब उनके बैंक खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से वापस कर दें ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक- BSDM/SDM-18/2017- (खंड-1)-567 दिनांक 21/5/2019

प्रतिलिपि - 1.मेसर्स स्वस्तिक कंप्यूटर एडूकेशन प्रा०लि० साल्टलेक, कोलकता, KYP code 07020026 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.श्री अनुपम नारखेड़े, Team Leader, MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.प्रबंधक(वित्त)बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी/मिशन निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.जिला पदाधिकारी,कटिहार/जिला नियोजन पदाधिकारी,कटिहार/जिला कौशल प्रबंधक, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6. Project Director, SPMU /श्री रत्नदीप सिंह, मैनेजर MIS & Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर SPMU / श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव, SPMU को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

7. प्रभारी पदाधिकारी, SPMU कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।